श्याम वृंदावन में आया करो

दुनिया जलती है जलने दो,
खाओ पियो ऐश करो श्याम का भजन करो....

श्याम बागों में आया करो,
फूल तोड़ हम देंगे तुम माला बनाया करो.....

श्याम तालो पर आया करो,
साबुन सर्फ हम देंगे तुम कपड़ा धुलाया करो.....

श्याम कुओ पर आया करो,
रस्सी बाल्टी हम देंगे तुम गड़वी भराया करो.....

श्याम रसोई में आया करो,
आटा पानी हम देंगे तुम रोटी बनाया करो.....

श्याम महलों में आया करो,
माखन मिश्री हम देंगे तुम भोग लगाया करो.....

श्याम वृंदावन में आया करो,
गोपी गवाला हम बनेगे तुम रास रचाया करो.....

श्याम सत्संग में आया करो,
ढोलक चिमटा हम देंगे तुम भजन सुनाया करो.....

श्याम मंदिर में आया करो,
ज्योत जलाएंगे हम तुम दरस दिखाया करो......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30193/title/shyam-vrindavan-me-aaya-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |